RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

पहले सारे कार को, कहते थे बस कार।
ब्रांड बताकर देखिए, अब हो रहा प्रचार।
अब हो रहा प्रचार, खबर ही ऐसी आई।
बोलेरो थी खड़ी, थार इक आ टकराई।
कह साहिल कविराय, ब्रांड की करके चर्चा।
टैरिफ किया वसूल, निकल जाता है खर्चा।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 104 | FRIDAY DATE 08-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## अमृतसर और जालंधर में विस्फोट की घटना भाजपा के 'मिशन पंजाब' के चुनावी रणनीति का एक हिस्सा : आप

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।**

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कहा कि अमृतसर और जालंधर में बम विस्फोट की घटना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'मिशन पंजाब' के चुनावी रणनीति का ही एक हिस्सा है। आप सांसद संजय सिंह ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुधवार को पंजाब में दो जगहों पर बम विस्फोट हुआ और उसके बाद भाजपा बौखलाकर बयानबाजी कर रही है।

वर्ष 2017 में पंजाब चुनाव के पहले जब वहां अकाली दल और भाजपा की सरकार थी, तब ऐसे ही विस्फोट कराया गया था।

आज तक उसका कोई अता-पता नहीं चला। तब सरकार भाजपा और अकाली दल की थी। अब यह घटना हुई तो बंगाल के चुनाव के तुरंत बाद भाजपा कह रही है कि अब उनका मिशन पंजाब है।

भाजपा का 'मिशन पंजाब' पंजाब में विस्फोट कराना है तथा वहां का अमन-चैन बिगाड़ना, नफरत फैलाना



और झगड़े कराना है। श्री सिंह ने कहा, 'भाजपाइयों का तो आईएसआई के साथ का पुराना इतिहास है। पुलवामा विस्फोट में हमारे जवान मारे गए, 350 किलो आरडीएक्स हिंदुस्तान की सीमा में कैसे आया, आज तक इसका पता नहीं चला। पहलगाम में हमारी बहनों के माथे के सिंदूर उजाड़े गए, उसको लेकर ऑपरेशन सिंदूर भी हो गया, लेकिन आज तक इन सवालों का जवाब नहीं मिला कि वहां से सुरक्षा किसके आदेश से हटाई गई थी।

देश में शासन और जम्मू-कश्मीर की कानून व्यवस्था भाजपा के हाथ में है और वहां सुरक्षा हटा ली गई। आतंकवादी आए और लोगों को मार कर चले जाते हैं, लेकिन आज तक इस सवाल का जवाब नहीं मिला कि 350 किलो आरडीएक्स कहां से आया और पहलगाम की सुरक्षा क्यों हटाई गई?' श्री सिंह ने कहा कि अमृतसर और जालंधर में जो विस्फोट हुआ है, वह भाजपा की चुनावी राजनीति की शुरूआत है और उनके मिशन पंजाब का एक उदाहरण है।

लेकिन मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहता हूं कि यह पंजाब है और यहां का अमन-चैन बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, तो वहां की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी और चुनाव में भाजपा की जमानतें भी जब्त कराएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का सशक्त प्रतीकः राजनाथ



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा है कि इसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा, ' ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर हम अपने सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं, जिनका साहस और समर्पण निरंतर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इस अभियान के दौरान उनके कार्यों ने अद्वितीय सटीकता, सेवाओं के बीच निर्बाध संयुक्तता और गहरे समन्वय का परिचय दिया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया।' उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का एक सशक्त प्रतीक है, जो दशार्ता है कि हमारे सशस्त्र बल हर महत्वपूर्ण क्षण में निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सदैव तैयार हैं। यह भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रगति का भी प्रमाण है, जो क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय दृढ़ता को भी सुदृढ़ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए पिछले वर्ष आज के दिन ही ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।

## आज से शुरू हुयी पहली डिजिटल जनगणना

**वाराणसी, यूटर्न/ 07 मई।** देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना-2027 गुरुवार से शुरू हो गयी। इसके पहले चरण के तहत ह्यस्व-गणनाह्ल की खिड़की खुल गई है, जो 21 मई तक चलेगी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने जनपदवासियों से इस ऐतिहासिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। नागपाल ने बताया कि केंद्र सरकार की इस पहल के तहत नागरिकों को पहली बार आधिकारिक पोर्टल (ँ३३स्र२ी.ूल्ल२४२.ॅङ्म५.ल्ल) पर जाकर स्वयं अपना और अपने परिवार का विवरण दर्ज करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि नागरिक अपने मोबाइल नंबर और नाम के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। ओटीपी सत्यापन के बाद उन्हें 33 सवालों की प्रश्नावली भरनी होगी। विवरण सफलतापूर्वक जमा होने पर एक 11 अंकों की ह्यएसई आईडीह्ल प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। नगर आयुक्त ने कहा कि ह्यस्व-गणनाह्ल करने वाले परिवारों को 22 मई से शुरू होने वाले जमीनी सर्वे के दौरान काफी सुविधा मिलेगी। जब प्रगणक घर पहुंचेंगे, तो उन्हें केवल अपनी एसई आईडी दिखानी होगी। यदि डेटा रिकॉर्ड से मेल खाता है, तो उसे तुरंत स्वीकार कर लिया जाएगा, जिससे समय की बचत होगी। नगर आयुक्त ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और डेटा एन्क्रिप्शन के जरिए सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान आपसे किसी भी प्रकार की बैंक जानकारी या आधार संख्या जैसे दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे।

## द्वारका में 805 .99 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज : रेखा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार यहां द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की स्थापना कर रही है और इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 805.99 करोड़ रुपये है।

श्रीमती गुप्ता ने आज बताया कि दिल्ली सरकार द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज और छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल की स्थापना करने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल अनुमानित लागत 805.99 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाल ही में हुई व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई। इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य वर्ष 2028 तक रखा गया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत मेडिकल कॉलेज के साथ छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल, फैकल्टी आवास और एक आधुनिक अकादमिक ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा।

यह परियोजना दिल्ली में डॉक्टरों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।



मेडिकल कॉलेज को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

इससे यहां प्रति वर्ष 250 एमबीबीएस सीटों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

प्रारंभिक चरण में 150 छात्रों के साथ शिक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में अकादमिक ब्लॉक, छात्रों के हॉस्टल और शिक्षकों के लिए आवास बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में करीब 1,17,246 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण होगा।

### सीएम रेखा गुप्ता ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मिलकर नेहरू प्लेस डाकघर का किया लोकार्पण



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय संचार और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मिलकर नेहरू प्लेस डाकघर का लोकार्पण किया। केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवीनीकृत नेहरू प्लेस डाकघर का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डाक विभाग ने तकनीक के साथ स्वयं को नए दौर के अनुरूप विकसित किया है। यह नया डाकघर नागरिकों को तेज, सरल और आधुनिक सेवाओं का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो बनेगी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की लॉन्च कैरियर

**नोएडा, यूटर्न/ 07 मई।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनियों में शामिल इंडिगो ने घोषणा की है कि वह नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अपनी वाणिज्यिक उड़ान सेवाएं शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बनेगी। उत्तर प्रदेश के जेवर में विकसित यह नया एयरपोर्ट 15 जून 2026 से संचालन शुरू करेगा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का तीसरा प्रमुख एयरपोर्ट बन जाएगा। इंडिगो की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, एयरलाइन चरणबद्ध तरीके से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश के 16 से अधिक शहरों से सीधे जोड़ेगी। इनमें बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ, अमृतसर, चंडीगढ़, धर्मशाला, जयपुर, नवी मुंबई, पंतनगर और श्रीनगर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री को 11 मई तक एसीबी की हिरासत में भेजा गया

**जयपुर, यूटर्न/ 07 मई।** एसीबी की टीम ने गुरुवार को पूर्व मंत्री महेश जोशी को अदालत में पेश किया, जहां से उनको 11 मई, 2026 तक एसीबी की हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की विशेष जांच टीम ने ह्यजल जीवन मिशनह्ल में उजागर हुए कथित बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के सिलसिले में जोशी को गुरुवार सुबह उनके जयपुर स्थित आवास से गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है। जांच के अनुसार, श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी (मालिकः महेश मित्तल) और श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी (मालिकः पद्मचंद जैन) नामक फर्मों ने कथित तौर पर राजस्थान में सरकारी निविदाएं हासिल करने के लिए इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के जाली कार्य पूर्णता प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल किया।

## आतंक के खिलाफ भारत की दृढ़ कार्रवाईः मोदी ऑपरेशन सिंदूरः आतंक पर भारत का प्रहार

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है।

श्री मोदी ने कहा, ' एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है।'

प्रधानमंत्री ने कहा. 'ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्या। इसने हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता, तैयारी और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारे बलों के बीच बढ़ती संयुक्तता को प्रदर्शित किया और यह रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है।'

## भर्ती में न सिफारिश, न भ्रष्टाचार, सिर्फ योग्यता का सम्मानः सीएम योगी

**लखनऊ, यूटर्न/ 07 मई।**

उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयुष विभाग, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर लोकभवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमिशन रोजगारह्ल के अंतर्गत प्रदेश सरकार लगातार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। पूरी प्रक्रिया में किसी को कहीं भी सिफारिश कराने की



नौबत नहीं आई। परीक्षा के बाद भी किसी स्तर पर सिफारिश या अनैतिक साधनों का उपयोग करने की कोई गुंजाइश नहीं थी। इसी साफ नीयत और स्पष्ट नीति का परिणाम है कि आज आपको नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पहले भर्तियां पैसों, जाति, मत, मजहब और क्षेत्र देखकर होती थीं, जिससे योग्य नौजवानों का शोषण होता था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में योग्यता ही चयन का आधार बनी है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### किसान मुद्दों पर घिरी रेखा सरकारः नरेश कुमार

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने प्रदेश सरकार पर किसानों के मुद्दे पर असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाया है और कहा कि किसानों की समस्या को हल करने में रेखा गुप्ता सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। डॉ. कुमार ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश के लगभग 197 गांवों में करीब 52 हजार हेक्टेयर भूमि पर खेती हो रही है लेकिन यहां के किसानों की हालत देश के अन्य राज्यों के किसानों से भी बदतर हो चुकी है।

### दिल्ली पुलिस को मिली कामयाबी, ज्योति बाबा गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे और कुख्यात ज्योति बाबा गैंग के सदस्य राकेश उर्फ टिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक ब्रेटा पिस्टल और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के अनुसार, राकेश उर्फ टिंकू दिल्ली के हरिनगर थाने में दर्ज हत्या के एक बड़े मामले में वांछित था। आरोपी को पहले अंतरिम जमानत मिली थी लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया। इसके बाद अदालत ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संगठित अपराध और गैंगस्टरों पर लगाम लगाने के लिए हाल ही में एक विशेष अभियान चलाया गया था।

# भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था के लिए नीति आयोग ने जारी किया विस्तृत पॉलिसी रोडमैप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।**

नीति आयोग ने एक पॉलिसी रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था का पिछले एक दशक का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इस रिपोर्ट में पहुंच और नामांकन, बुनियादी ढांचा, समानता और समावेशन, तथा सीखने के परिणाम जैसे प्रमुख पहलुओं का अध्ययन किया गया है। यह घोषणा गुरुवार को की गई। नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि



छिब्बर ने ह्यस्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडियाः टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी एन्हांसमेंटह्व शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कुल 13 व्यापक सिफारिशों वाला विस्तृत नीति रोडमैप दिया गया है।

इनमें से 8 व्यवस्थागत सिफारिशों में संयुक्त स्कूलों और साक्ष्य-आधारित तर्कसंगत व्यवस्था के जरिए स्कूल संरचना में सुधार, स्कूल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, प्रशासनिक सुधार और क्षमता निर्माण, स्कूल गुणवत्ता के लिए राज्य और जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन, स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त बनाना, शिक्षकों की नियुक्ति और पेशेवर विकास को बढ़ावा देना, डिजिटल और प्रसारण-आधारित शिक्षा का विस्तार, तथा समानता और समावेशन को प्रोत्साहित करना शामिल है। नीति आयोग के एक बयान के अनुसार, 5 शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन और बुनियादी शिक्षा में बदलाव, समग्र शिक्षा और विद्यार्थियों के कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास को नए रूप में लागू करना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत करना, तथा शिक्षण में नवाचार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को शामिल करना शामिल है।

# दिल्ली स्थित यमुना बाजार कॉलोनी के 310 परिवारों घर खाली करने का निर्देश

## डीडीएमए ने जारी किया नोटिस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।**



दिल्ली में एक बार फिर यमुना किनारे बसे इलाकों को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। निगमबोध घाट के पास स्थित यमुना बाजार कॉलोनी में रहने वालों को 15 दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। इस आदेश के बाद इलाके में रहने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है।

यह कॉलोनी यमुना नदी के किनारे बाढ़ क्षेत्र (फ्लडप्लेन) में स्थित है, जिसे प्रशासन ने ओ-जोन, यानी बेहद संवेदनशील बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। सरकार का कहना है कि यह इलाका हर साल बारिश और यमुना में पानी बढ़ने के दौरान बुरी तरह जलमग्न हो जाता है, जिससे लोगों की जान, मवेशी और संपत्ति को गंभीर खतरा पैदा होता है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर बने इस लगभग 310 मकानों वाले रिहायशी क्लस्टर को लेकर यह नोटिस दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की ओर से जारी किया गया है। आदेश में साफ कहा गया है कि लोगों को 15 दिनों के भीतर यह इलाका खाली करना होगा।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि यह कदम आपदा प्रबंधन कानून के तहत लिया गया है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। प्रशासन का कहना है कि हर साल बाढ़ आने पर राहत और बचाव कार्यों में भारी संसाधन खर्च होते हैं और आम जनता को भी बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर लोग समय सीमा के भीतर जगह खाली नहीं करते हैं, तो प्रशासन बिना किसी और नोटिस के अवैध निर्माणों को हटाने और लोगों को हटाने की कार्रवाई करेगा।

पिछले साल जब दिल्ली में बाढ़ आई थी, तब यह इलाका पूरी तरह पानी में डूब गया था। उस समय लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा था। कई परिवारों को राहत शिविरों में रहना पड़ा था और काफी नुकसान भी हुआ था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौके पर पहुंची थीं और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया था। उन्होंने प्रशासन को राहत कार्य तेज करने के निर्देश भी दिए थे।

अब प्रशासन ने इस इलाके को गंभीर खतरे वाला क्षेत्र मानते हुए स्थायी कदम उठाने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है, क्योंकि यमुना का जलस्तर हर साल मानसून में तेजी से बढ़ जाता है।



# दिल्ली पुलिस की मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** दिल्ली के पुल प्र'ादपुर थाना पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के बाद कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ शेट्टी उर्फ देवा के रूप में हुई है, जिस पर कई केस दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात 10 बजे डीडीए पार्क के पास यह कार्रवाई की गई। ऑपरेशन की निगरानी एसीपी बदरपुर आकाश अग्रवाल ने की जबकि कार्रवाई थाना पुल प्र'ादपुर की टीम ने अंजाम दी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुनील इलाके में आने वाला है। इसके बाद पुलिस टीम ने जाल बिछाकर उसे पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो आरोपी के बाएं पैर में लगी। घायल हालत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, 50 वर्षीय सुनील का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। वह साल 1999 से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट समेत 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। विभिन्न मामलों में उसे 7 बार सजा भी हो चुकी है। उसके खिलाफ कालकाजी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया और तिलक मार्ग समेत कई थानों में केस दर्ज हैं। वह लूट और गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित था। जवाबी गोलीबारी में घायल सुनील के पास से एक देसी पिस्तौल, कारतूस और चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। उसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें कई मामले दर्ज हैं और उसे सजा भी मिली है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के समय आरोपी थाना पुल प्र'ादपुर में दर्ज लूट और गैर इरादतन हत्या के प्रयास के एक मामले में भी मुख्य आरोपी था। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल, एक कारतूस और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

# मजदूर ,किसानों के अधिकार दिलवा कर ही दम लेगा एचएमकेपी : एल कलप्पा

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 07 मई। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा ने इस साल के मनाए गए मई दिवस को निरर्थक बताते हुए कहा है कि जब तक श्रमिकों और मजदूरों के हितों से संबंधित सारी मांगे पूरी ना हो जाएं। उनके हित होने की शुरूआत ना हो जाए। तब तक मई दिवस के स्थान पर हर साल काला दिवस ही मनाया जाना चाहिए। अवगत कराते चलें कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा ने इस साल के बीते मई दिवस को भी काला दिवस के रूप में मनाने की अपील सभी ट्रेड यूनियनों से की थी।

इस बीच श्रमिकों, मजदूरों और कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्ष कर रहे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने व्यक्तव्य जारी करते हुए कहा है कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल कलप्पा ने कहा है कि मई दिवस शुरूआत 1886 में शिकागो में श्रमिक द्वारा 08 घण्टे के कार्य दिवस की मांग को लेकर एतिहासिक संघर्ष से हुई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा के



मुताबिक एकता, प्रतिरोध और श्रमिकों द्वारा बड़ी मुश्किल से हासिल किये गये अधिकारों का प्रतीक है हिन्द मजदूर किसान पंचायत की नजर में मोदी, अमित शाह सरकार की वर्तमान नितियों ने इन्ही सिद्धान्तों को कमजोर किया है। चार श्रम संधिताओं (लेबर कोड) को लागू करके श्रमिको की सुरक्षा से जुड़े प्राविधानों को हल्का करने ट्रेड यूनियन अधिकारों को कमजोर करने ठेका प्रणाली को बढ़ावा देने और श्रमिको के कल्याण के बजाय कारपोरेट हितों को प्राथमिकता देने के माध्यम से किया गया है। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल० कलप्पा के माध्यम से राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने मई श्रम संघिताओं के तहत श्रमिको के विधानिक अधिकारों का हनन। बढ़ती नौकरी की असुरक्षा ठेका आधारित रोजगार व बेरोजगारी।



# विधायक विनोद भयाना ने भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल के लिए डोर टू डोर मांगे वोट

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक विनोद भयाना ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और कहा कि भाजपा सरकार विकास एवं जनसेवा की सोच के साथ कार्य कर रही है।

» **हरियाणा, यूटर्न/ 07 मई।**

विधायक विनोद भयाना ने नगर पालिका उकलाना चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल के समर्थन में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक विनोद भयाना ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और कहा कि भाजपा सरकार विकास एवं जनसेवा की सोच के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि निकिता गोयल को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और उनकी जीत से उकलाना में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि नगर के विकास, मूलभूत सुविधाओं और मजबूत नेतृत्व के लिए भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल को भारी मतों से विजयी बनाएं। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर संदीप गोयल, मन्नू अंडा, डॉ. शमी नागपाल, यतिन इलाहाबादी, गुलशन आहूजा, कपिल नारंग सहित अनेक लोग मौजूद रहे.

# भाजपा का संगठन-कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैः विवेक सिंह

» **परमिंदर सिंह**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 07 मई। भाजपा थानेसर मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह ने असम और बंगाल में हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की नीतियों, कार्यशैली और जनहितकारी योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन और कार्यकर्त्ता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकत्ताओं की मेहनत व समर्पण से ही यह सफलता संभव हो पाई है। विवेक सिंह ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया तथा जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में पंजाब में भी इसी तरह भाजपा प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के प्रदेश प्रभारी का टोल टैक्स पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ हुआ, स्वागत

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न/ 07 मई। लोक जनशक्ति पार्टी (रा) हरियाणा के प्रदेश प्रभारी श्री वीरेंद्र विधूड़ी, केपी चौधरी प्रभारी पंजाब व चंडीगढ़ के ज्ञानचंद गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ) प्रभारी पंजाब का पानीपत टोल टैक्स पहुंचने पर पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं के साथ गर्म -जोशी से स्वागत किया गया। और पार्टी के पदाधिकारियों को लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा बुका देकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र विधूड़ी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी को पानीपत जिले में अत्यधिक मजबूती के साथ प्रचार करने का आग्रह किया और सभी नए पुराने पार्टी के कार्यकताओं को संगठन में काम करने के लिए प्रेरित किया। ताकि लोक जनशक्ति पार्टी को मजबूत और संगठित किया जा सके।

बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रदेश प्रभारी को आश्वासन दिया कि हम सब एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। कार्यक्रम सम्पन्न होने पर लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं का धन्यवाद किया। इस मौके पर जय सिंह यादव जिला अध्यक्ष पानीपत, राजेश यादव जिला उपाध्यक्ष, सूरजभान ददलाना हल्का अध्यक्ष पानीपत ग्रामीण, रिंकू कश्यप हल्का अध्यक्ष इसराना, जिला सचिव पानीपत आकाश नरवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष देवनारायण ठाकुर, किरण पाल, विजेंद्र यादव, विजय यादव, ओम प्रकाश, योगेंद्र पासवान, पंकज बोहली, मोनू ददलाना, अमित गढ़ी सिकंदरपुर व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नशा तस्करों पर शिकंजा, नशीला पदार्थ रखने की महिला आरोपी गिरफ्तार, 242 ग्राम गांजा बरामद

» अश्विनी वालिया




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 07 मई। जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-निर्देश में थाना कृष्णा गेट की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे गांधी नगर थानेसर वासी एक महिला को काबू करके उसके से कब्जा से 242 ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 मई 26 को थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह के दिशा-निर्देश में उप निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्य सिपाही मंजीत सिंह, महिला सिफी एकता, होम गार्ड रामनिवास व चालक अशोक कुमार की टीम झांसा रोड पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांधी नगर थानेसर वासी महिला अपने घर के सामने गांजापत्ती बेचने का काम करती है। जो आज भी अपने घर के बाहर गाली में कड़ी होकर गांजा पत्ती बेच रही है। अगर गांधी नगर स्थित उसके घर के पास से उक्त महिला को काबू किया जाए तो उसके पास से भारी मात्रा में गांजा पत्ती बरामद हो सकती है। सूचना पर पुलिस टीम ने गांधी नगर पहुंचकर एक घर के पास खड़ी महिला को शक के आधार पर महिला पुलिस की सहायता से काबू किया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछने पर उसने अपना पता गांधी नगर थानेसर बताया।




# 10 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर निकिता गोयल को विजयी बनाएं, भाजपा अपने संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी

### उकलाना में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल, प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में 63 संकल्प पूरे किए

» हरियाणा, यूटर्न/ 07 मई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज उकलाना नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की चेयरमैन प्रत्याशी निकिता गोयल के समर्थन में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कबीर छात्रावास, रविदास भवन, रावती फिलिंग स्टेशन के समीप तथा अशोक गर्ग के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में 217 संकल्पों में से 63 संकल्प पूरे कर लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेशभर में स्थानीय निकाय चुनावों में कमल के फूल के पक्ष में एकतरफा माहौल बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने उकलाना की जनता से 10 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद उकलाना में भी ट्रिपल इंजन सरकार बनेगी, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तीन गुना बढ़ जाएगी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद सरकार ने अपने वायदे के अनुरूप पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी पर ज्वाइन करवाया और उसके बाद मंत्रिमंडल ने शपथ ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत एवं चिरायु योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग डेढ़ करोड़ लोग इन योजनाओं से जुड़े हैं तथा करीब 27.5 लाख लोगों का मुफ्त इलाज कराया जा चुका है। इस पर सरकार लगभग 4 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है।

# नमो भारत: 21 प्रमुख स्टेशनों पर विशेष सेमी-नेमिंग और को-ब्रांडिंग अधिकारों के लिए निविदाएं आमंत्रित

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 07 मई।



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या और लोकप्रियता को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने एक नई मार्केटिंग पहल शुरू की है। इसके तहत कॉरिडोर के 21 प्रमुख स्टेशनों पर विशेष सेमी-नेमिंग और को-ब्रांडिंग अधिकारों के लिए लाइसेंसधारी के चयन हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

इस पहल का उद्देश्य बड़े ब्रांड्स और कॉर्पोरेट कंपनियों को देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सेवा ह्यनमो भारतह्न के साथ जोड़ते हुए उन्हें व्यापक दृश्यता और पहचान प्रदान करना है। एनसीआरटीसी के अनुसार, चयनित ब्रांड्स को संबंधित स्टेशन के नाम के साथ अपना नाम जोड़ने का अवसर मिलेगा। यानी स्टेशन के मूल नाम के आगे या पीछे ब्रांड का नाम प्रदर्शित किया जा सकेगा।

इसके अलावा, स्टेशन परिसर, कॉनकोर्स एरिया, प्लेटफॉर्म, प्रवेश और निकास द्वारों के साथ-साथ बाहरी पिलर्स पर भी ब्रांडिंग की सुविधा दी जाएगी। इससे लाखों यात्रियों और सड़क से गुजरने वाले लोगों तक ब्रांड की निरंतर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इस पहल की खास बात यह भी है कि को-ब्रांडेड स्टेशनों के नाम ट्रेन के अंदर होने वाली उद्घोषणाओं में भी शामिल किए जाएंगे। इसके साथ ही, स्टेशन मैप्स पर ब्रांड का लोगो प्रमुखता से प्रदर्शित होगा। एनसीआरटीसी स्टेशन परिसरों में कियोस्क स्थापित करने के लिए भी समर्पित स्थान उपलब्ध कराएगा, जिससे कंपनियां उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद और अनुभवात्मक मार्केटिंग कर सकेंगी।

बता दें कि गुलधर नमो भारत स्टेशन के लिए सेमी-नेमिंग अधिकार पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। जिन 21 स्टेशनों को इस योजना के तहत शामिल किया गया है, उनमें सराय काले खां नमो भारत स्टेशन, न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन, आनंद विहार नमो भारत स्टेशन, साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन, गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन, मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन, बेगमपुल नमो भारत स्टेशन और मोदीपुरम नमो भारत स्टेशन सहित अन्य स्टेशन शामिल हैं।

# एरो स्पून के संचालकों ने गुलदस्ता देकर किया भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया का स्वागत



**हरियाणा, यूटर्न/ 07 मई।** उकलाना एरो स्पून के संचालकों ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनका अभिनंदन किया और क्षेत्र में उनके आगमन पर खुशी जताई। इस अवसर पर सुरेंद्र पूनिया ने एरो स्पून द्वारा परोसे गए व्यंजनों की सराहना करते हुए कहा कि यहां का खाना बेहद स्वादिष्ट और उम्दा गुणवत्ता का है। उन्होंने संचालकों की मेहमाननवाजी की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की सेवाएं क्षेत्र की पहचान को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम में मौजूद अन्य गणमान्य लोगों ने भी भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था की तारीफ की तथा संचालकों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर ध्रुव सिंगला अंकित जैन अनूप धतरवाल बजरंग जैन मौजूद रहे.

# डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा नपा उकलाना की चेयरमैन प्रत्याशी रीमा सोनी को समर्थन देने पहुंचे चुनाव चिन्ह कुर्सी भेंटकर बेटी का बढाय़ा मान

### भगतसिंह मार्केट में रीमा सोनी को लड्डुओं से तौला वोट समर्थन देकर बेटी को किया उत्साहित

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 07 मई। लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ अपनी टीम के साथ नगरपालिका उकलाना की चेयरमैन प्रत्याशी रीमा सोनी को सहयोग व आशीर्वाद देने पहुंचें। उन्होंने चुनाव चिन्ह कुर्सी भेंटकर प्रत्याशी बेटी का मान-सम्मान किया और 10 मई को मतदान के दिन कुर्सी के सामने वाला बटन दबाने की मतदाताओं से पुरजोर अपील की ताकि उकलाना का विकास सम्भव किया जा सके और लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके। सुरेन्द्र वर्मा

> चेयरमैन प्रत्याशी लाडली बेटी रीमा सोनी (23 वर्षीय) एवं छोटी बहन नन्दनी (19 वर्षीय) ने कहा कि कि उन्हें उकलाना के हर वर्ग के लोगों एवं महिलाओं व युवा मतदाताओं का भरपूर सहयोग, समर्थन एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद मिल रहा है और वे कुर्सी की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त दिखाई दे रही हैं।

प्रचार टीम में शामिल शिक्षाविद वेदप्रकाश वर्मा, बलबीर खरल, पुरूषोतम सोनी, सतीश वर्मा रामराये, राजबीर उर्फ भीरा सोनी, तिलकराज उर्फ पप्पू सुनार ने भी रीमा सोनी के पक्ष में वोटों की अपील की। लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि बेटियां देश, प्रदेश एवं समाज की आन बान शान होती हैं और उन्हें आगे बढ़ने एवं नेतृत्व करने का समान अवसर दिया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने बेटी रीमा सोनी को उकलाना के लिए योग्य एवं उपयुक्त चेयरमैन प्रत्याशी बताया जिसमें नेत्तृत्व करने की पूर्ण क्षमता है। उधर, शहीद भगतसिंह मार्केट उकलाना में चेयरमैन प्रत्याशी रीमा सोनी को सैकडो. दुकानदारों व अन्य लोगों ने लड्डुओं से तोलकर उनका मान बढाय़ा। इस अवसर पर युवा बेटी प्रत्याशी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में रीमा सोनी आगे बढो. उकलाना के मतदाता आपके साथ हैं प्रेरणादायक नारे लगाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उकलाना के विधायक नरेश सेलवाल, प्रमुख समाज सेवी रिंकू वर्मा, सुलतान प्रजापत उर्फ कमल पेंटर, वीरेन्द्र उर्फ बांदर लितानी, कुलदीप भारद्वाज, रोहताश सोनी, कर्मबीर पातड़, अरूण, तुषार, नन्दनी, सुरेश बैनिवाल, कामरेड हरदीपसिंह, महेन्द्र सोनी, सुरेन्द्र वर्मा, राजबीर सोनी भूना, अजय शास्त्री, सुनील सोनी, पूजा सोनी, मल्लिका सोनी एवं अन्य महिलाओं ने रीमा सोनी के पक्ष में मतदान करने की मतदाताओं से विकास के लिए जोरदार अपील की। इसके बाद इन्द्रप्रस्थ कालोनी, धक्का बस्ती एवं उकलाना में अन्य जगहों पर भी रीमा सोनी के समर्थन में कार्यक्रम आयोजित किये गये और वोटों की अपील की गई। चेयरमैन प्रत्याशी लाडली बेटी रीमा सोनी (23 वर्षीय) एवं छोटी बहन नन्दनी (19 वर्षीय) ने कहा कि कि उन्हें उकलाना के हर वर्ग के लोगों एवं महिलाओं व युवा मतदाताओं का भरपूर सहयोग, समर्थन एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद मिल रहा है और वे कुर्सी की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त दिखाई दे रही हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### डीसीपी ऑफिस के पास बेकाबू कार ने बाइक को मारी टक्कर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 07 मई।** डीसीपी ट्रांस हिंडन कार्यालय से करीब 150 मीटर की दूरी पर छह मई की शाम अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरी तो बेकाबू हुई कार भी गड्ढे में जा गिरी। लोगों ने कार चालक इंदिरापुरम निवासी प्रमोद कुमार और बाइक सवार दिल्ली के अशोक नगर निवासी रवि कुमार को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से वाहनों को गड्ढे से निकालवाया। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि बुधवार शाम करीब 5:30 बजे रवि कुमार अपनी बाइक पर मोहन नगर से वैशाली की तरफ जा रहे थे। उन्हीं के पीछे प्रमोद कुमार अपनी कार से चल रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर लगते ही रवि कुमार बाइक समेत गड्ढे में गिर गए। वहीं, बेकाबू कार भी नीचे गडढे में जा गिरी। लोगों की मदद से दोनों घायलों को नरेंद्र मोहन अस्पताल पहुंचाया गया। यहां रवि कुमार का इलाज चल रहा है और हालत खतरे से बाहर है।

### 100 करोड़ से सुधरेंगे सड़क-नाली और पार्क

**लोनी।, यूटर्न/ 07 मई।** डीएलएफ समेत अन्य इलाकों के पार्कों के सौंदर्यकरण, मार्गों और नालियों के निर्माण कार्यों का बुधवार को लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने करीब 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों के होने पर लोनी क्षेत्र विकसित हो जाएगा। काफी दिन से लोग सड़कों के निर्माण और पार्कों को सौंदर्यकरण की मांग कर रहे थे। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 24 की डाबर कॉलोनी में 1.50 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे।

# दिनदहाड़े कैश वैन लूट, चालक को फेंका

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 07 मई।**



क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े एनएच-9 पर खड़ी कैश वैन को तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूट लिया। तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर चालक को वैन से नीचे फेंक दिया, दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर किया और नकदी से भरी वैन लेकर फरार हो गए। करीब 20 मिनट बाद वैन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मसूरी थाना क्षेत्र के कुशलिया गांव के सामने लावारिस मिली, लेकिन तब तक रकम गायब हो चुकी थी।

हालांकि, लूट की रकम को लेकर भ्रम बना हुआ है। पुलिस 20 लाख रुपये की पुष्टि कर रही है, जबकि स्टाफ के अनुसार करीब 27 लाख रुपये लूटे गए हैं। पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए आठ टीमें गठित की हैं। चालक, सुरक्षाकर्मी और दो कैशियर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, इंडिया वन कंपनी की कैश वैन दोपहर करीब एक बजे कृष्णा मार्केट बागू पहुंची थी। यहां एनएच-9 पर वैन खड़ी कर दो कैशियर मैनपुरी निवासी अमित कुमार, प्रतापगढ़ निवासी रजनीश त्रिपाठी और सुरक्षाकर्मी मैनपुरी निवासी मनवीर सिंह करीब 100 मीटर दूर स्थित एटीएम में कैश डालने चले गए। वैन में केवल चालक तेजपाल सिंह मौजूद थे। इसी दौरान बदमाशों ने पिस्टल और तमंचे के बल पर चालक से खिड़की खुलवाई और गन प्वाइंट पर लेकर उनको वैन से नीचे फेंक दिया। साथ ही हवाई फायर किया और चालक को गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश वैन लेकर नोएडा की तरफ भाग निकले। करीब 500 मीटर दूर जाकर बदमाशों ने वैन विजयनगर कट से होते हुए डीएमई पर मेरठ की ओर दौड़ा दी।

चालक ने पहले अपने स्टाफ और फिर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। क्रॉसिंग रिपब्लिक, विजयनगर, सिहानी गेट व नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

### बयानों में विरोधाभास, चालक को हिरासत में लिया

क्राइम ब्रांच की टीम ने वैन चालक तेजपाल सिंह, सुरक्षाकर्मी मनवीर सिंह, कैशियर अमित कुमार और रजनीश त्रिपाठी से अलग-अलग पूछताछ की। वैन चालक ने बदमाशों की संख्या कभी तीन तो कभी चार बताई। साथ ही बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाकर फायर करने की बात कही। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बदमाशों ने हवाई फायर किया था। इस विरोधाभास को देखते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने वैन चालक को हिरासत में ले लिया है। अन्य स्टाफ को क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस के हवाले कर दिया है।

**30 लाख रुपये लेकर निकली थी कैश वैन :** पुलिस के अनुसार, कैश वैन 30 लाख रुपये लेकर निकली थी। स्टाफ ने दो एटीएम में करीब सवा लाख रुपये डाले थे। इसके बाद कृष्णानगर में दो लाख रुपये कैश वैन से निकालकर कैशियर और सुरक्षाकर्मी निकले थे। हालांकि, लूट और शोर-शराबा होने पर उन्होंने एटीएम की रिफिलिंग नहीं की। कैश वैन में तैनात स्टाफ ने बताया कि करीब तीन वर्षों से इसी रास्ते से आते-जाते हैं।

# गलत लेन में चलने वाले 2,196 वाहनों के काटे चालान

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 07 मई।**

जिले में हाईवे व एक्सप्रेसवे पर गलत लेन में चलने वाले वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल माह के दौरान गलत लेन में चलने वाले 2,196 वाहनों के चालान काटे। उक्त वाहनों के चालकों पर 18.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रतीक गहलोत के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई है।

एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक गलत



लेन में चलने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस द्वारा सही लेन में ड्राइविंग नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मॉनिटरिंग की गई और लेन ड्राइविंग की अवहेलना करने वाले 2,196 वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए। यह कार्रवाई दिल्ली-जयपुर हाईवे, द्वारका एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर की गई।

हाईवे व एक्सप्रेसवे पर गलत लेन में चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में गलत लेन में चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे जा रहे हैं। - सत्यपाल यादव, एसीपी (यातायात हाईवे/मुख्यालय), गुरुग्राम

# क्रिप्टो करंसी के नाम पर गंवाए 99 हजार रुपये

**खोड़ा, यूटर्न/ 07 मई।** क्षेत्र के शीतल विहार निवासी अमन सिंह ने क्रिप्टो करंसी के झांसे में आकर 99 हजार रुपये गंवा दिए। फरूर्खाबाद निवासी उदल सिंह पर ठगी का आरोप लगाया है। मामला 31 जनवरी का है और पुलिस ने तीन माह बाद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित अमन सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को उनका उदल सिंह से संपर्क हुआ था। क्रिप्टो करेंसी (यूएसडीटी) खरीदने को लेकर दोनों के बीच बात हुई थी। उदल सिंह के बताए खाते में 99 हजार रुपये भेज दिए। वह काफी समय तक टालमटोल करता रहा। जब उन्हें क्रिप्टो करंसी नहीं मिली तो आरोपी से अपने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि उदल सिंह ने रुपये भी वापस करने से इन्कार कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की शिकायत थाने पर छह मई को मिली तो प्राथमिकी दर्ज की गई। मोबाइल सर्विलांस लगाकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### दूध खराब होने पर किराना व्यापारी के बेटे को मारा फावड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**खोड़ा, यूटर्न/ 07 मई।** भारत नगर गली नंबर-2 निवासी किराना व्यापारी राजकुमार के बेटे प्रतीक के सिर पर फावड़ा मारकर घायल कर दिया। आरोपी कॉलोनी निवासी अनिल और राजू समेत तीन आरोपी है। विवाद 27 अप्रैल को दुकान से खरीदे गए दूध के पैकेट के खराब होने पर हुआ था। बेटे व खुद का इलाज कराने के बाद व्यापारी ने 6 मई को आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में राजकुमार ने बताया कि वह अपने घर में ही किराना की दुकान चलाते हैं। 27 अप्रैल की रात करीब आठ बजे अनिल आया और दुकान से दूध का पैकेट लेकर गया था। रात 10 बजे वह दोबारा दुकान पर पहुंचा और दूध खराब होने की बात कहते हुए गाली-गलौज करने लगा। उन्होंने, अनिल को 30 रुपये देने का प्रयास किया और कहा कि दोबारा कभी उनकी दुकान पर न आए। आरोप है कि अनिल ने अपने भाई और रिश्तेदार को बुलाकर लोहे की रॉड और फावड़े से पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। राजू नामक युवक ने उनके बेटे प्रतीक के सिर पर फावड़ा मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोग आए तो आरोपी मौके से भाग गए। वह अपने बेटे के साथ अस्पताल गए और इलाज कराया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### फेलिक्स अस्पताल नोएडा का डाटा एंट्री ऑपरेटर गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 07 मई।** मरीजों को रेफर करने के बदले रिश्वत लेने के मामले में नोएडा के फेलिक्स अस्पताल के डाटा एंट्री ऑपरेटर कुश दुबे को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने आरोपी की दो दिन की रिमांड स्वीकार की है। अब सीबीआई दो दिन तक कुश से पूछताछ करेगी। इससे पहले सीबीआई ने एटा स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में तैनात मेडिकल ऑफिसर मेजर (सेवानिवृत्त) डॉ. आशीष शाक्य और अस्पताल के एजीएम मार्केटिंग बिजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी के अनुसार, प्रकरण की शुरूआत 15 मार्च को दर्ज शिकायत से हुई थी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि एटा के ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में तैनात मेडिकल ऑफिसर मेजर (सेवानिवृत्त) डॉ. आशीष शाक्य ने नोएडा के फेलिक्स अस्पताल के अधिकारियों के साथ मिलकर मरीजों को रेफर करने के बदले रिश्वत लेने की योजना बनाई थी।

# 18वीं मंजिल से कूदकर महिला ने दी जान, ससुर के फ्लैट में जाकर उठाया आत्मघाती कदम; जांच जारी

» **नोएडा, यूटर्न/ 07 मई।**

ग्रेनो वेस्ट की फ्यूजन होम्स सोसाइटी के टावर-जी में रहने वाली एक महिला ने बुधवार की दोपहर 18वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। हालांकि, अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बिसरख कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां उसकी के साथ रहतीं थीं, लेकिन आत्महत्या के कारण से वह अंजान हैं।

राजस्थान के श्रीगंगानगर की नीतू मदान की शादी छह साल पहले तरुण के साथ हुई थी। वह पति के साथ सोसाइटी के टावर-जी की 7वीं मंजिल के फ्लैट में रहती थी। उसके पति अपनी टैक्सी चलाते हैं। नीतू के साथ उसकी मां भी रहती थी। तरुण के पिता इसी टावर में 18वीं मंजिल पर अकेले रहते हैं। तरुण की मां का देहांत हो चुका है।

### ससुर के फ्लैट में जाकर उठाया कदम

बुधवार को तरुण के पिता दवा लेने दिल्ली गए थे। उनके फ्लैट की चाबी



नीतू के फ्लैट में थी। तरुण भी घर पर नहीं था। पुलिस ने बताया कि दोपहर 2:30 बजे नीतू 18वीं मंजिल के फ्लैट में पहुंची और अंदर से दरवाजा बंद कर बालकनी से छलांग लगा दी। सोसाइटी के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

बिसरख कोतवाली के प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पति व मृतक की मां से बातचीत की जा रही है। मृतका के के मायके वालों को भी जानकारी दे दी गई है। उनके राजस्थान से आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके से सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। महिला का कोई बच्चा भी नहीं है।

### मुठभेड़ में घायल की एमएमजी में तीन दिन नहीं हुई ड्रेसिंग

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 07 मई।** एमएमजी अस्पताल में लापरवाही का मामला सामने आया है। पुलिस मुठभेड़ में घायल चेन झपटमार अब्दुल को सर्जिकल वार्ड में भर्ती करने के बाद तीन दिन तक ड्रेसिंग नहीं की गई। शिकायत के बाद सीएमएस के निर्देश पर घायल की पट्टी बदली गई। जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को कौशांबी थाना पुलिस ने चेन झपटमार के आरोपी मूल निवासी कोलकाता अब्दुल को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल अब्दुल को पुलिस ने एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार दोपहर सीएसएस के पास शिकायत पहुंची कि मरीज के पैर में गंभीर चोट होने के बावजूद तीन दिन से पट्टी नहीं बदली गई है। डॉक्टर ने भर्ती फाइल में ड्रेसिंग के स्पष्ट निर्देश दिए थे लेकिन वार्ड स्टाफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया। चिकित्सकों के अनुसार ऐसी स्थिति में समय पर ड्रेसिंग जरूरी होती है, ताकि संक्रमण और बैक्टीरिया पनपने का खतरा न बढ़े।

# बेदखल किया तो कर दी पिता की हत्या, महिला मित्र के साथ हत्यारोपी गिरफ्तार

» **लोनी।, यूटर्न/ 07 मई।**

टोली मोहल्ला कॉलोनी निवासी अजीजुद्दीन (80) की हत्या के आरोपी बेटे बिलाल को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। जबकि उसका सहयोग करने वाली महिला खुशबू को दिल्ली के पटेल नगर उसके घर से पकड़ा है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस एक माह से कई शहरों की धूल फांक रही थी। खुशबू के रिश्तेदार की कॉल ट्रेस करने पर पुलिस को दोनों का सुराग मिला। छह मई को पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो बिलाल ने संपत्ति से बेदखल किए जाने पर पिता की हत्या करने की बात स्वीकार की है।



एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आठ अप्रैल को घर से लापता हुए अजीजुद्दीन (80) का शव उनके घर से कुछ दूरी पर स्थित किराए के कमरे में 11 अप्रैल को मिला था। अजीजुद्दीन की पत्नी नसरीन ने बेटे बिलाल और उसके साथियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बिलाल और उसके दोस्त कैद हो गए थे। पुलिस ने जांच की बिलाल की महिला मित्र खुशबू और दोस्त निसार अली का नाम सामने आया। खुशबू का पति दुबई में रहता है और महिला दिल्ली में बिलाल के साथ रहती थी। दोनों पर पुलिस ने 20-20 हजार का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को पुलिस ने मुंबई के ठाणे स्थित मुब्रा इलाके से बिलाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दिल्ली से खुशबू को पकड़ लिया। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद लाकर पूछताछ की तो उसने घटना कबूल की। बिलाल ने पुलिस को बताया कि उसने खुशबू के नाम से टोली मोहल्ले में मकान किराये पर भी लिया था।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

हत्यारोपी बेटे बिलाल ने पुलिस को बताया कि उसे कुछ रुपये चाहिए थे, लेकिन पिता देने से इन्कार कर देते थे। आठ अप्रैल को हत्या की साजिश रखते हुए आरोपी बेटे ने महिला मित्र खुशबू और दोस्त निसार अली को घटनास्थल पर बुलाया। फिर पिता को कमरे पर बुलाया और तीनों ने उनकी गला दबाकर हत्या कर दी।

# स्काईरूट एयरोस्पेस बना भारत का पहला स्पेस-टेक यूनिकॉर्न

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।

स्पेस-टेक स्काईरूट एयरोस्पेस ने गुरुवार को 60 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपए में करीब 570 करोड़ रुपए) जुटाने का ऐलान किया है। इसके साथ कंपनी देश की पहली स्पेस-टेक स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन गई है।

मौजूदा फंडिंग राउंड में स्काईरूट की वैल्यूएशन 1.1 अरब डॉलर रही है, जो कि 2023 में कंपनी की वैल्यू से 519 मिलियन डॉलर से करीब चार गुना ज्यादा है। नई फंडिंग मिलना दिखाता है कि भारत का निजी स्पेस सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जब भी किसी स्टार्टअप का



वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से अधिक हो जाता है तो उसे यूनिकॉर्न माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में अलग-अलग सेक्टर्स से करीब 100 से अधिक यूनिकॉर्न मौजूद हैं।

हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस के सह-संस्थापक और सीईओ पवन कुमार चंदना ने कहा, 'हम स्काईरूट में आगामी विक्रम-1 प्रक्षेपण को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जो भारत का पहला निजी कक्षीय रॉकेट है और भारत तथा वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नया निवेश स्काईरूट में दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित निवेशकों के विश्वास का संकेत है।'

स्काईरूट एयरोस्पेस के इस फंडिंग राउंड में कई वैश्विक निवेशकों जैसे जीआईसी और ब्लैकरॉक आदि का नाम शामिल है। यह दिखाता है कि भारत के स्पेस सेक्टर में वैश्विक निवेशक रुचि ले रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी अब तक के अलग-अलग फंडिंग राउंड में निवेशकों से 160 मिलियन डॉलर (करीब 1,500 करोड़ रुपए) जुटा चुकी है। कंपनी ने 2023 में एक ऑर्बिटल लॉन्च किया था और अब आने वाले हफ्तों में एक और लॉन्च की तैयारी कर रही है।

कंपनी ने बताया कि इस नई पूंजी से स्काईरूट को विक्रम-1 के प्रक्षेपणों को तेज गति से स्थापित करने, उत्पादन बढ़ाने और विक्रम-2 (एक उन्नत क्रायोजेनिक चरण द्वारा संचालित 1 टन श्रेणी का प्रक्षेपण यान) विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे यह अपने मिशनों और ग्राहकों की सेवा करने की क्षमता का विस्तार कर सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 28 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले 94.77 पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 07 मई।** रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 28 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.77 पर पहुंच गया। अमेरिका तथा ईरान के तनाव कम करने और बातचीत फिर से शुरू करने के उद्देश्य से 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर चर्चा करने की खबरों के बाद बाजार की भावना में अचानक बदलाव आया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.77 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को 69 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.49 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.01 पर रहा।

### ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत को व्यापक भंडारण नीति की दरकार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** भारत को ऊर्जा आपूर्ति के झटकों से निपटने के लिए एक व्यापक भंडारण नीति बनाने की सलाह दी गई है। इसकी जरूरत ऊर्जा आयात पर देश की भारी निर्भरता और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से रेखांकित हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बैटरी भंडारण 2 गीगावॉट से कम है। वहीं एलपीजी का लगभग 22 दिनों का, विमान ईंधन (एटीएफ) का 60 दिनों का और कच्चे तेल का 74 दिनों का स्टॉक है। हालांकि, प्राकृतिक गैस के लिए कोई रणनीतिक भंडार नहीं है। पश्चिम एशिया की अस्थिरता ने भारत की ऊर्जा आयात निर्भरता उजागर की है। देश को औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए बैटरी ऊर्जा और उत्पाद-स्तरीय भंडारण हेतु सहायक नीतियों की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर और वैश्विक तनाव ने रक्षा शेयरों को दिए पंख

### एमटीएआर टेक्नोलॉजीज 355 फीसदी उछला, निफ्टी रक्षा सूचकांक में 32 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** भारतीय शेयर बाजार में कई चुनौतियों के बावजूद विगत एक वर्ष में रक्षा क्षेत्र के शेयरों ने अभूतपूर्व तेजी दर्ज की है। 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में भारत द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों ने इस क्षेत्र में निवेशकों की रुचि को कई गुना बढ़ा दिया है। इस अवधि में 18 रक्षा शेयरों के एक समूह ने औसतन 67 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया है, जबकि इनमें से केवल दो शेयरों ने नकारात्मक प्रतिफल दिया। इस तेजी में एमटीएआर टेक्नॉलजीज सबसे आगे रहा, जिसने 355 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की। इसके बाद एक्सिसकेड्स टेक्नॉलजीज ने 172 प्रतिशत और अपोलो माइक्रोसिस्टम्स ने 165 प्रतिशत का उछाल देखा। इन 18 कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था। रक्षा शेयरों की यह बढ़त तब और भी उल्लेखनीय है जब देश का बेंचमार्क निफ्टी इंडेक्स इसी अवधि में 0.3 प्रतिशत गिरा है। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स, जो रक्षा शेयरों का विशेष सूचकांक है, पिछले 12 महीनों में 32 प्रतिशत बढ़ा है, और इसके घटकों का बाजार पूंजीकरण लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और प्रमुख शक्तियों के बीच बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा जैसे वैश्विक संघर्षों ने दुनिया भर में रक्षा खर्च को बढ़ावा दिया है, जिसका सीधा लाभ भारतीय रक्षा कंपनियों को मिला है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत का रक्षा उद्योग अब आयात-निर्भरता से आत्मनिर्भर और निर्यात-उन्मुख मॉडल की ओर बढ़ रहा है।

# भारतीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद सपाट बंद, सेंसेक्स 114 अंक गिरा

» मुंबई, यूटर्न/ 07 मई।

अमेरिका-ईरान सीजफायर की उम्मीदों के बीच गुरुवार के कारोबारी सत्र में दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सपाट बंद हुए। दोनों प्रमुख सूचकांक सत्र की शुरुआत में ऊपर चढ़े थे, लेकिन बाद में फिसलकर अपने पिछले बंद भाव के करीब आ गए। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 114 अंक यानी 0.15 प्रतिशत फिसलकर 77,844.52 पर पहुंच गया, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 4.30 अंक (0.02 प्रतिशत) गिरकर 24,326.65 पर पहुंच गया। दिन के दौरान, सेंसेक्स 78,339.24 पर खुलकर 78,384.70 का इंट्रा-डे हाई और 77,713.21 का लो बनाया। वहीं निफ्टी 24,398.50 पर खुलकर 24,482.10 का इंट्रा-डे हाई और 24,284 का लो बनाया। व्यापक बाजारों ने प्रमुख बेंचमार्कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 1.10 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।



सेक्टरवार देखें तो निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल, निफ्टी आईटी और निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी पीएसयू बैंक का प्रदर्शन कमजोर रहा।

जबकि निफ्टी ऑटो, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी मेटल, निफ्टी मीडिया और निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स बेहतर प्रदर्शन करते नजर आए।

निफ्टी 50 पैक में एचडीएफसी लाइफ, बजाज-ऑटो, एमएंडएम, ग्रासिम, एनटीपीसी, अपोलो हॉस्पिटल, हिंडाल्को, कोटक बैंक और ओएनजीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जिनमें 3.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। जबकि एचयूएल, टीसीएस, टाइटन, टेक महिंद्रा, आईटीसी, सन फार्मा और कोल इंडिया के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

गुरुवार के कारोबारी सत्र में बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप पिछले सत्र में 473 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 475 लाख करोड़ रुपए हो गया। यानी एक दिन में निवेशकों ने करीब 2 लाख करोड़ रुपए कमाए। तकनीकी नजरिए से देखें तो विशेषज्ञों के अनुसार, 24,400-24,500 का स्तर फिलहाल निफ्टी के लिए मजबूत रेजिस्टेंस बना हुआ है।

अगर निफ्टी इस स्तर के ऊपर लगातार टिकने में सफल रहता है, तो बाजार में फिर से तेजी लौट सकती है और इंडेक्स 24,600 या उससे ऊपर के स्तर तक जा सकता है। वहीं नीचे की ओर 24,100-24,000 का दायरा अहम सपोर्ट जोन बना हुआ है। अगर बाजार में दोबारा बिकवाली का दबाव बढ़ता है, तो यह स्तर बाजार को सहारा दे सकता है।

# नई हुंडई क्रेटा लांच होगी साल 2027 में



**नईदिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।** भारतीय कार बाजार में हुंडई क्रेटा की नई जनरेशन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हुंडई कंपनी 2027 में इस एसयूवी का नया मॉडल लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार यह मौजूदा क्रेटा से कहीं अधिक प्रीमियम, एडवांस और फीचर लोडेड होगी। बताया जा रहा है कि इसे नए के3 प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा, जिससे इसका आकार पहले से बड़ा और सड़क पर इसकी उपस्थिति ज्यादा दमदार दिखाई देगी। नई क्रेटा के डिजाइन में भविष्यवादी स्पर्श देखने को मिल सकता है, जिसमें कंपनी की आयोनिक रेंज से प्रेरित पिक्सेल एलईडी डीआरएल, एक नया ग्रिल, क्लैमशेल बोनट और स्पोर्टी बॉडी एलिमेंट्स दिए जा सकते हैं। इसके अलावा, फ्लश डोर हैंडल, बड़े ओआरवीएम, 19 इंच के अलॉय व्हील और चौड़े व्हील आर्च इसे और भी आकर्षक बनाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके केबिन में ड्यूल 12.3 इंच स्क्रीन सेटअप या 30 इंच का ट्रिनिटी डिस्प्ले मिल सकता है। साथ ही, डिजिटल की, 360 डिग्री कैमरा, पावर सीट्स, वेंटिलेटेड सीट्स और पैनोरमिक सनरूफ जैसे कई आधुनिक फीचर्स भी इसमें शामिल किए जा सकते हैं। इंजन विकल्पों में मौजूदा 1.5 लीटर पेट्रोल, टर्बो पेट्रोल और डीजल इंजन जारी रहने की संभावना है, और कंपनी सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड तकनीक पर भी काम कर रही है।

# एप्पल भारत के रिन्यूएबल एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर में 100 करोड़ रुपए करेगा निवेश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।

दिग्गज अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल ने भारत के रिन्यूएबल एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए निवेश करने का ऐलान किया है। यह कंपनी के स्थिरता और कार्बन न्यूट्रल बनने की तरफ बढ़ने के उद्देश्यों के मुताबिक है।

कंपनी ने बताया कि यह निवेश अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट कंपनियों में से एक क्लीनमैक्स के सहयोग से किया जाएगा, जिससे देशभर में 150 मेगावाट से अधिक की नई रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का निर्माण करने में मदद मिलेगी।

आईफोन निर्माता कंपनी के अनुसार, नियोजित क्षमता लगभग 1.5 लाख भारतीय घरों को प्रति वर्ष बिजली प्रदान करने के लिए पर्याप्त होगी और आने वाले वर्षों में इसे और भी बढ़ाया जा सकता है।

इस पहल का उद्देश्य भारत में एप्पल की आपूर्ति श्रृंखला में रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देना है और यह कंपनी के 2030 तक अपने पूरे परिचालन क्षेत्र में कार्बन न्यूट्रल बनने के लक्ष्य का समर्थन करती है।



एप्पल की पर्यावरण और आपूर्ति श्रृंखला नवाचार की उपाध्यक्ष सारा चैंडलर ने कहा, 'एप्पल में, पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कंपनी और दुनिया भर में नवाचार के लिए एक प्रेरक शक्ति है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें भारत की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था में निवेश करने और देश के बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने पर गर्व है।'

इसके अलावा, एप्पल ने पहले क्लीनमैक्स के साथ रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट्स पर साझेदारी की थी, जिसके तहत भारत में इसके कार्यालयों और खुदरा स्टोरों को 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी से चलाया जाएगा।

रिन्यूएबल एनर्जी निवेश के अलावा, कंपनी ने भारत में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और हरित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित नई साझेदारियों की भी घोषणा की।

कंपनी ने कहा कि वह डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के साथ मिलकर रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन पहलों का समर्थन कर रही है ताकि सामग्री की रिकवरी में सुधार हो और पारिस्थितिकी तंत्र में प्लास्टिक का रिसाव कम हो।

आईफोन निर्माता कंपनी एक्यूमेन के साथ भी साझेदारी कर रही है ताकि अपशिष्ट प्रबंधन, पुनर्योजी कृषि और चक्रीय अर्थव्यवस्था समाधानों जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे शुरूआती चरण के हरित उद्यमों को अनुदान और मार्गदर्शन सहायता प्रदान की जा सके।

# ग्राहकों में हुंडई ऑरा का सीएनजी वेरिएंट बेहद लोकप्रिय

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।

कार निर्माता कंपनी हुंडई की कॉम्पैक्ट सेडान हुंडई ऑरा का सीएनजी वेरिएंट बेहद लोकप्रिय विकल्प बन गया है। ऑरा सीएनजी को हुंडई की सबसे किफायती और बेहतर माइलेज देने वाली सेडान कारों में गिना जाता है। इसमें आधुनिक फीचर्स के साथ आरामदायक केबिन और अच्छा बूट स्पेस भी मिलता है, जिससे यह बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच सीएनजी कार खरीदने वाले ग्राहकों के लिए एक किफायती और व्यावहारिक विकल्प बन गई है। कंपनी इस कार को आकर्षक फाइनेंस प्लान के साथ पेश कर रही है, जिसके तहत ग्राहक मात्र एक लाख रुपये की डाउन पेमेंट देकर इसे आसानी से घर ला सकते हैं। हुंडई ऑरा सीएनजी के बेस वेरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत करीब 6.90 लाख रुपये है। दिल्ली में रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और अन्य शुल्कों को जोड़ने के बाद इसकी ऑन-रोड कीमत लगभग 7.95 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। यदि ग्राहक एक लाख रुपये की डाउन पेमेंट करते हैं, तो उन्हें लगभग 6.95 लाख रुपये का लोन लेना होगा। यदि बैंक यह लोन सात साल की अवधि के लिए नौ प्रतिशत ब्याज दर पर देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच दिन में 447 वाहनों के चालान, शीशों से ब्लैक फिल्म उतरवाई

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।** ट्रैफिक पुलिस ने सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और नियमों का पालन करवाने के लिए अवैध रूप से ब्लैक फिल्म व टेंटेड ग्लास लगाकर घूमने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चला रखा है। पिछले पांच दिनों के भीतर पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 447 वाहनों के चालान किए हैं। इस दौरान मौके पर ही गाड़ियों से काली फिल्म भी उतरवाई गई।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि ब्लैक फिल्म का प्रयोग करना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच दिनों में एनआईटी जोन में सबसे अधिक 211 चालान किए गए। इसके अलावा सेंट्रल जोन में 122, बल्लभगढ़ जोन में 76 और ग्रेटर फरीदाबाद में 38 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### वाहन की टक्कर से कार सवार की मौत, नोएडा से लौट रहा था युवक

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।** पल्ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा कैनाल रोड पर मंगलवार तड़के सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने युवक की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनखीर गांव निवासी सौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बड़ा भाई दीपक सोमवार को नोएडा अपनी रिश्तेदारी में गया था। मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे वह अपनी कार से नोएडा से वापस घर लौट रहा था। जब वह पल्ला आगरा कैनाल रोड पर एतमादपुर पुल के पास पहुंचा, तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम ने पल्ला थाने को सूचित किया। मौके पर पहुंचे उप-निरीक्षक जयकरण ने देखा कि कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलटी हुई थी और दीपक लहूलुहान हालत में अंदर फंसा था। ईआरवी-190 की मदद से घायल को निजी एम्बुलेंस के जरिये बीके अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

# एसी-कूलर और पंखे खरदीने के लिए बाजार में उमड़ रही भीड़

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।**



भीषण गर्मी की आहट ने फरीदाबाद के बाजारों में रौनक लौटा दी है। लोगों ने गर्मी से निजात पाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक बाजारों का रुख कर लिया है। शहर के एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ जैसे प्रमुख बाजारों में इन दिनों एयर कंडीशनर (एसी), कूलर और पंखों की बिक्री में भारी उछाल देखने को मिल रहा है।

**दुकानदारों के चेहरे खिले, स्टॉक की बढ़ी मांग :** स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस बार गर्मी की शुरूआत होते ही मांग उम्मीद से ज्यादा बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार, कूलर की मांग सबसे अधिक है। औसतन हर छोटी-बड़ी दुकान से प्रतिदिन 10 से 15 कूलर बिक रहे हैं।

ओल्ड फरीदाबाद मार्केट के एक व्यापारी विकास और एनआईटी-4 के एक दुकानदार संजीव चावला ने बताया, पिछले साल के मुकाबले इस बार सीजन की शुरूआत काफी धमाकेदार हुई है। लोग बजट के अनुसार लोहे और फाइबर, दोनों तरह के कूलरों को पसंद कर रहे हैं।

बाजार में जहां मध्यम वर्ग की पसंद देशी कूलर बने हुए हैं, वहीं नौकरीपेशा और युवा वर्ग फाइव-स्टार रेटिंग वाले एसी को प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि बिजली के बिल पर नियंत्रण रखा जा सके। पंखों में बीएलडीसी तकनीक वाले मॉडल्स की काफी पूछताछ हो रही है।

**कीमतों में हल्की बढ़ोतरी :** कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण इस साल कूलरों और पंखों के दामों में 5 से 10 फीसदी तक का इजाफा देखा गया है।

इसके बावजूद, लू और उमस से बचने के लिए लोग खरीदारी करने में पीछे नहीं हट रहे हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि यदि तापमान इसी तरह बना रहा, तो आने वाले दिनों में बिक्री के पिछले सारे रिकॉर्ड टूट सकते हैं।

# बेटे ने साथियों संग मिलकर पिता पर किया चाकू से हमला



» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।**

पल्ला थाना क्षेत्र की शिव कॉलोनी में एक बेटे ने अपने ही पिता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पिता की पसलियों और कूल्हे पर चाकू से कई वार किए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिव कॉलोनी निवासी धन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार अप्रैल को जब वह किसी काम से बाजार जा रहे थे, तभी रास्ते में उनके बेटे भरत ने अपने दो साथियों के साथ उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने उन पर चाकू से लगातार तीन-चार बार वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए। शोर सुनकर मौके पर भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए।

पल्ला थाना पुलिस को पांच अप्रैल को बीके अस्पताल से सूचना मिली थी कि धन सिंह झगड़े में घायल होकर भर्ती हुए हैं। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया था। पीड़ित ने बताया कि वह चोटों के कारण बयान देने की स्थिति में नहीं थे और पारिवारिक कारणों व आपसी विचार-विमर्श के चलते उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराने में समय लिया। अब सफदरजंग अस्पताल में उपचाराधीन धन सिंह ने अपने बेटे और उसके साथियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# बैंक कर्मचारी बनकर महिला के खाते से निकाले 1.75 लाख रुपये

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।**



सेक्टर-16ए स्थित हिवो अपार्टमेंट निवासी प्रीति वर्मा के साथ बैंक कर्मचारी बनकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। जालसाजों ने महिला को झांसे में लेकर उनके खाते से 1,75,370 रुपये निकाल लिए। साइबर अपराध थाना सेंट्रल ने इस संबंध में पांच मई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अप्रैल को उनके पास एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड के कुछ विकल्प सक्रिय करने के बहाने उन्हें बैंक की आधिकारिक एप्लिकेशन खोलने को कहा। इसके बाद जालसाज ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा, जिसमें जानकारी भरते ही पीड़िता के क्रेडिट कार्ड से धनराशि कट गई। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने तुरंत कार्ड ब्लॉक करवाया और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दी। साइबर पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## मुनाफा का झांसा देकर एक लाख से ज्यादा की ठगी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।** टेलीग्राम पर शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1,02,798 रुपये की ठगी कर ली। बल्लभगढ़ के विष्णु कॉलोनी निवासी कृष्ण बंसल की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने पांच मई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित कृष्ण बंसल ने पुलिस को बताया कि वह टेलीग्राम पर पंकज भारद्वाज नाम का चैनल देख रहे थे, जिसमें निवेश पर भारी मुनाफे का दावा किया गया था। जालसाज ने उनसे टेलीग्राम और व्हाट्सएप नंबर के जरिये संपर्क किया और भरोसा दिलाया कि निवेश की गई राशि का लाभ दो घंटे में मिल जाएगा। इसके बाद आरोपी ने एक क्यूआर कोड भेजा, जिस पर पीड़ित ने फोन पे के माध्यम से कुल 1,02,798 रुपये भेज दिए।

जब कृष्ण ने अपनी राशि वापस मांगी, तो जालसाज और पैसों की मांग करने लगा और बाद में उन्हें टेलीग्राम व व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# होटल के कमरे में इंटीरियर डिजाइनर ने फंदा लगाकर दी जान

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 07 मई।**




टिकवाली गांव के पास स्थित एक होटल में 26 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान नजीर के रूप में हुई है, जो मंगलवार रात एक महिला के साथ होटल में रुका था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि महिला द्वारा रिश्ता तोड़ने की बात कहने पर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने होटल के कमरे का दरवाजा खोलकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भिजवा दिया था।

पुलिस के अनुसार, नजीर मंगलवार रात करीब 10 बजे लविश नामक होटल में एक महिला के साथ पहुंचा था। दोनों पहले से शादीशुदा हैं और उनके तीन-तीन बच्चे भी हैं। रात करीब 11 बजे दोनों के बीच रिश्ते को लेकर बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। इस दौरान महिला ने नजीर से रिश्ता खत्म करने की बात कही और रात करीब 12 बजे होटल से चली गई। इस गहमागहमी में महिला की चुन्नी कमरे में ही रह गई थी। बुधवार सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मास्टर चाबी से दरवाजा खोला तो नजीर का शव चुन्नी के सहारे पंखे से लटका मिला।

**झगड़े के बाद चुन्नी से लगाया फंदा :** नजीर के परिजनों द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, होटल के कमरे में दोनों के बीच काफी देर तक हाथापाई और नोकझोंक हुई थी। महिला ने जब हमेशा के लिए अलग होने की बात कही, तो नजीर मानसिक रूप से टूट गया। महिला के जाने के बाद कमरे में ही छूटी उसकी चुन्नी को नजीर ने फंदा बनाया और पंखे से लटक गया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर यह मामला प्रेम प्रसंग में अनबन के कारण आत्महत्या का लग रहा है। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लेकिन मौके की स्थिति तनावपूर्ण संबंधों की ओर इशारा कर रही है।

**परिजनों ने की जांच की मांग :** मृतक के पिता अता अहमद ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में जरूर था, लेकिन वह इतना बड़ा कदम नहीं उठा सकता। परिजनों ने इस मामले में गहनता से जांच की मांग की है ताकि मौत के असली कारणों का पता चल सके।

### शादीशुदा होने के बावजूद चल रहा था प्रेम प्रसंग

जांच में यह तथ्य सामने आया है कि नजीर और संबंधित महिला के बीच पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अपने-अपने परिवार और बच्चे होने के बावजूद वे अक्सर मिलते थे। पिछले कुछ दिनों से उनके संबंधों में कड़वाहट आ गई थी। मंगलवार रात की मुलाकात इसी विवाद को सुलझाने के लिए रखी गई थी, लेकिन बात बनने के बजाय बिगड़ गई। महिला ने होटल से निकलते समय नजीर को आखिरी बार मिलने की बात कही थी, जिसे नजीर सहन नहीं कर सका। पुलिस अब उस महिला को तलाश कर उससे पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

# युवक ने पत्नी का गला रेत की हत्या, मौके से भागा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 07 मई।**




भागरौला गांव में बुधवार सुबह करीब 5 बजे एक युवक ने पत्नी का गला रेत कर हत्या कर दी। कमरे में झगड़े के बाद युवक ने चाकू से पत्नी के गले और मुंह पर वार किया। गंभीर रूप से घायल महिला कमरे से भागकर मामा के घर की ओर जा रही थी, तो बीच गली में गिर गई और ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद महिला का पति मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर खेड़कीदौला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों और सीन ऑफ क्राइम टीम से घटनास्थल का निरीक्षण किया।

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हत्यारोपी पति की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मृतका की पहचान बरेली के भोजपुर जोगी ठेठ निवासी रेखा (35) के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब 15 साल पहले बरेली के ब्योन्दा गांव निवासी गौरव के साथ हुई थी। पति-पत्नी वर्तमान में गुरुग्राम के भांगरौला गांव में किराये पर रह रहे थे। गौरव मानेसर की एक निजी कंपनी में काम करता है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। बताया जा रहा है कि गौरव पत्नी रेखा के चरित्र पर शक करता था, जोकि उनके बीच झगड़े का मुख्य कारण था।

मंगलवार की रात को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था और बात इतनी आगे बढ़ गई कि बुधवार सुबह करीब 5 बजे हत्या कर दी। गले व गाल पर चाकू लगने के बाद वह गली नंबर-4 स्थित कमरे से गली नंबर-4 में रह रहे अपने मामा के घर की ओर भाग रही थी ताकि वे उसे अस्पताल में पहुंचा सकें।

हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर के साथ नजर आएंगी देसी गर्ल

# प्रियंका चोपड़ा ने खबर पर लगाई मुहर; कब शुरू होगी शूटिंग?



प्रियंका चोपड़ा के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। हाल ही में उनकी एक सीरीज 'सिटाडेल 2' रिलीज हुई। डायरेक्टर राजामौली की मेगा बजट दक्षिण भारतीय फिल्म 'वाराणसी' भी वह कर रही हैं। अब उनके हाथ एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट और लगा है। इस फिल्म का नाम 'रीसेट' है। यह एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

## इस एक्टर के साथ करेंगी अगली फिल्म


डेडलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा को मैट स्मूकलर द्वारा निर्देशित आगामी सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'रीसेट' मिली है। इस फिल्म में उनके साथ ऑरलैंडो ब्लूम को कास्ट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने भी इस खबर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और इस पर एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने रिएक्ट किया। प्रियंका चोपड़ा के फैंस ने भी इस न्यूज पर जमकर रिएक्शन दिया है।

## जल्द फिल्म की शूटिंग होगी शुरू

फिल्म 'रीसेट' की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त महीने में शुरू हो सकती है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ इसे प्रोड्यूस भी करेंगी। बता दें कि हॉलीवुड में देसी गर्ल एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन की फील्ड में भी उतर चुकी हैं।

## कब होगी प्रियंका की फिल्म 'वाराणसी' रिलीज?

प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग करने के लिए इन दिनों भारत आती रहती हैं। इस फिल्म में उनके हीरो महेश बाबू हैं। यह फिल्म अगले साल अप्रैल महीने में रिलीज होगी।





# नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं हिमेश रेशमिया

अपने प्रशंसकों के लिए गायक और संगीतकार हिमेश रेशमिया एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। यह एक हाई-एनर्जी ट्रैक बताया जा रहा है, जिसका पहला पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। उनका नया गाना शराब जल्द रिलीज होने वाला है। इस गाने में पहली बार हिमेश रेशमिया और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर एक साथ नजर आएंगे। दोनों की नई जोड़ी को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। हिमेश रेशमिया ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का फर्स्ट लुक साझा किया। पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'जय माता दी। चलो धमाल मचाते हैं। एक बार सुनना काफी नहीं होगा। शराब के लिए बने रहें। टीजर मंगलवार को सिर्फ यूट्यूब चैनल पर आएगा।' पोस्टर में गाने की भव्यता और स्टाइलिश अंदाज साफ दिखाई दे रहा है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि म्यूजिक वीडियो बड़े स्तर पर तैयार किया गया है। इस गाने का निर्देशन और कोरियोग्राफी मशहूर जोड़ी पीयूष और शाजिया ने की है।




# टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाओ नहीं: सलमान

हाल ही में इंस्टाग्राम पर बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपनी कुछ नई तस्वीरें साझा कीं, जिनके साथ लिखा गया उनका खास संदेश इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस उनके प्रेरणादायक विचारों को भी खूब पसंद कर रहे हैं। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज पोस्ट की, जिसमें वह काले रंग की टी-शर्ट और क्लासिक ब्लैक फेडोरा हैट में नजर आ रहे हैं। उनके इस स्टाइलिश अंदाज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। हालांकि तस्वीरों से ज्यादा लोगों का ध्यान उनके कैप्शन ने खींचा। अभिनेता ने अपने पोस्ट में लिखा, 'सोच लो, समझ लो, खुद को स्पष्ट कर लो, फैसला ले लो और फिर सब भूलकर आगे बढ़ जाओ। और टोपी से याद आया, टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाओ नहीं और न किसी को खुद को पहनाने दो।' सलमान खान के इस संदेश को सोशल मीडिया पर ईमानदारी और आत्मविश्वास से जोड़कर देखा जा रहा है। 'टोपी' शब्द का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने संकेत दिया कि इंसान को न तो किसी को धोखा देना चाहिए और न ही किसी के बहकावे में आना चाहिए।

# खराब फील्डिंग के कारण सनराइजर्स से हारे : श्रेयस अय्यर

**हैदराबाद, यूटर्न/ 07 मई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुई हार पर निराशा जताते हुए इसके लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया है। पंजाब की टीम को इस मुकाबले में 33 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय ओवरों में 4 विकेट पर 235 रन बनाये। इस दौरान पंजाब के खिलाड़ियों ने तीन आसान कैच गिरा दिये। वहीं एक स्टंपिंग का अवसर भी टीम ने खो दिया। श्रेयस के अनुसार अगर इन अवसरों का लाभी उठाया जाता तो 30 से 40 रन कम बनते और मैच का परिणाम कुछ और होता। मैच के बाद अय्यर ने कहा, हमने खेल की शुरूआत में ही कई कैच गिरा दिये। अगर ऐसा नहीं होता से सनराइजर्स 30 से 40 रन कम बना पाती। कप्तान ने कहा कि टीम की गेंदबाजी और बल्लेबाजी भी इस मैच में उम्मीद के अनुसार नहीं रही। वहीं सनराइजर्स ने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि मैच किस प्रकार अपने नाम किया जा सकता है। इस मैच में स्पिनर यजुवेन्द्र ने अच्छी गेंदबाजी की पर उन्हें एक ही विकेट मिल पाया क्योंकि उनके एक ही ओवर में एक कैच और स्टंपिंग का अवसर निकल गया। इस सत्र में चहल की गेंदों पर कुल 16 कैच उछले पर 8 कैच ही पकड़े जा सके। अय्यर ने चहल की प्रशंसा करते हुए कहा, उसने बिना किसी डर के आक्रामक गेंदबाजी की। उससे अपनी गेंदबाजी से दबाव भी बनाया पर हम उसका लाभ नहीं उठा पाये। इस मैच में पंजाब के बल्लेबाज भी उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाये।




# ईशान ने पंजाब किंग्स का खराब फील्डिंग के लिए मजाक उड़ाया

**हैदराबाद, यूटर्न/ 07 मई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मिली 33 रनों जीत पर खुशी जताते हुए विरोधी टीम की खराब फील्डिंग पर तंज कसा है। इस मैच में पंजाब ने कई कैच छोड़े जिससे उसके हाथ से ये मैच निकल गया। इसी के साथ ही पंजाब टीम को छह जीत के बाद लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है।

मैच के बाद ईशान ने पंजाब किंग्स की खराब फील्डिंग की हंसी उड़ाते हुए सोशल मडिया में एक पोस्ट किया, जो तेजी से छा गयी। ईशान ने अपनी पोस्ट में केवल तीन शब्द लिखे अगर मुझे पकड़ सकते हो तो पकड़ों। इस पोस्ट से ईशान ने पंजाब के फील्डरों का एक प्रकार से मजाक उड़ाया है क्योंकि उनके तीन कैच पंजाब ने गिरा दिये थे। ईशान पहली बार जब 9 रन पर थे तभी कूपर कॉनॉली ने उनका कैच छोड़ दिया था। इसके बाद जब वह 18 रन पर थे, तब लॉकी फर्ग्यूसन ने भी कैच गिरा दिया। वहीं इसके बाद 20 रन पर प्रभसिमरन सिंह ने उनकी स्टंपिंग का अवसर छोड़ दिया था। इसी कारण ईशान 32 गेंदों में 55 रन बनाने में सफल रहे। ईशान ही नहीं, सनराइजर्स के दूसरे बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन का भी कैच गिरा था। इसके बाद क्लासने ने 43 गेंदों में 69 रनों की आक्रामक पारी खेली थी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### अज्ञात हमले के बाद अमेरिका ने रोके सैन्य ऑपरेशन

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 07 मई।** सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हालात बेहद विस्फोटक हो गए हैं। जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों के बीच मंगलवार को एक और कार्गो जहाज को अज्ञात प्रोजेक्टाइल (हथियार) से निशाना बनाया गया। इस ताजा हमले ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटनाक्रम के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला लेते हुए ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को तत्काल प्रभाव से रोकने का ऐलान किया है। यह वही ऑपरेशन था जिसके तहत अमेरिका ने जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकालने का जिम्मा लिया था। इसके साथ ही अमेरिकी विदेश मंत्री ने ईरान के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' को भी बंद करने की घोषणा की है। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि जहाज पर किसी अज्ञात दिशा से प्रहार किया गया।

### दुनिया की सबसे बड़ी नमकीन और स्नैक्स की दुकान चीन में

**बीजिंग, यूटर्न/ 07 मई।** अगर आप खाने-पीने के शौकीन हैं और अब तक इस जादुई जगह से अनजान हैं, तो बता दें कि दुनिया की सबसे बड़ी नमकीन और स्नैक्स की दुकान चीन में खुल चुकी है। चांग्शा शहर में स्थित यह स्टोर इतना विशाल है कि इसे स्नैक किंगडम के नाम से जाना जाता है। इस विशाल स्टोर ने अपने नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज कर लिया है। चीन का यह स्नैक किंगडम इस समय दुनिया भर के पर्यटकों और खाने-पीने के शौकीनों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां उन्हें विभिन्न स्वादों का अनूठा अनुभव मिलता है। चीन की सबसे बड़ी स्नैक रिटेल चेन मिंगमिंग हेनमांग द्वारा तैयार किए गए इस स्टोर का क्षेत्रफल 12,000 वर्ग मीटर से भी अधिक है, जो इसे सचमुच एक स्नैक किंगडम बनाता है। बीते 17 अप्रैल को इसके भव्य उद्घाटन के साथ ही इसका नाम दुनिया के सबसे बड़े स्नैक स्टोर के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया।

# बांग्लादेश में बढ़ता इस्लामिक कट्टरपंथ सुरक्षा एजेंसियों के लिए बना चुनौती

» **ढाका, यूटर्न/ 07 मई।**



बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथ और उग्रवाद एक बार फिर गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में सुरक्षा एजेंसियों को संभावित आतंकी हमलों के इनपुट मिले हैं, जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। माना जा रहा है कि यह संकट पूर्व अंतरिम सरकार की कथित विफलताओं और सुरक्षा तंत्र की कमजोरी से जुड़ा हुआ है।

स्थानीय अखबार ढाका ट्रिब्यून में प्रकाशित एक संपादकीय के मुताबिक, पुलिस मुख्यालय ने संसद भवन, सुरक्षा प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक क्षेत्रों पर संभावित हमलों की आशंका जताई है। यह अलर्ट एक प्रतिबंधित चरमपंथी संगठन सदस्य की गिरफ्तारी के बाद जारी किया गया, जिसने दो बर्खास्त सैन्य अधिकारियों से संपर्क होने का दावा किया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के जुलाई आंदोलन और उसके बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद देश की सुरक्षा व्यवस्था काफी कमजोर हो गई है। इस दौरान हिंसा, लूटपाट और जेलों से बड़े पैमाने पर कैदियों के फरार होने की घटनाएं सामने आईं। एक अनुमान के अनुसार इस दौरान 70 से अधिक कट्टरपंथी कैदी जेल से भाग निकले। अंतरिम सरकार के दौरान कई अपराधियों और उग्रवादी संगठनों से जुड़े लोगों को जमानत मिली, इसका उल्लेख भी रिपोर्ट में किया गया है।

इनमें 2013 में ब्लॉगर और शाहबाग आंदोलन के कार्यकर्ता राजीब हैदर की हत्या के आरोपी जशीमुद्दीन रहमानी की रिहाई को सबसे चिंताजनक बताया गया है।

### अवैध रूप से रह रहे लोग वापस जाएंगे, बांग्लादेश सरकार से सहयोग की उम्मीदः विदेश मंत्रालय

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 07 मई।**

भारत ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की वापसी, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) और आतंकवाद के मुद्दे पर अपना कड़ा रुख दोहराया है। सरकार ने कहा कि भारत में अवैध रूप से रह रहे सभी विदेशी नागरिकों को कानून और द्विपक्षीय समझौतों के तहत वापस भेजा जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में देश से जुड़े कई मुद्दों पर सरकार की राय रखी। बंगाल में भाजपा की बंपर जीत के बाद बांग्लादेश के दो मंत्रियों की टिप्पणियां चर्चा में हैं, जिसमें अवैध प्रवासियों को वापस सीमा पार भेजने की आशंका है, तो उम्मीद है कि भारत ऐसा नहीं करेगा। बांग्लादेश के गृहमंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने पुशबैक की आशंका जताई, तो विदेश मंत्री खलीलपुर रहमान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर जबरन लोगों को हमारी ओर भेजा जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी। इन्हीं टिप्पणियों को लेकर पूछे सवाल पर जायसवाल ने भारत की नीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, ह्यऐसी टिप्पणियों को एक बैकग्राउंड के रूप में समझने की जरूरत है। मुख्य मुद्दा अवैध लोगों को यहां से वापसी का है

### अब बदल रहा जंग का चेहरा, इंसान और मशीन मिलकर आसमान में मचाएंगे तबाही

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 07 मई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव के बीच अब जंग का चेहरा बदल रहा है। अमेरिकी वायुसेना का सहयोगी लड़ाकू विमान प्रोग्राम सिर्फ एक टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि आने वाले युद्धों की नई परिभाषा बनता दिख रहा है, जहां इंसान और मशीन मिलकर आसमान में तबाही मचाएंगे। अभी कई डिफेंस कंपनियां अपने-अपने ड्रोन फाइटर जेट्स के प्रोटोटाइप तैयार कर रही हैं। ये हाई-टेक मशीनें टेस्टिंग के दौर में हैं और अमेरिकी वायुसेना यह तय कर रही है कि कौन-सा डिजाइन असली जंग में उतरेगा। हालात ऐसे हैं कि एक नहीं, बल्कि कई डिजाइनों को हरी झंडी मिल सकती है क्योंकि आने वाला युद्ध पारंपरिक नहीं, बल्कि मल्टी-लेयर और हाई-टेक होगा। आगे की योजना और भी खतरनाक है। इन ड्रोन विमानों के अगले वर्जन में ज्यादा ऑटोनॉमी, ज्यादा मारक क्षमता और कई तरह के मिशन संभालने की ताकत होगी यानी भविष्य का युद्ध ऐसा होगा, जहां बिना पायलट के भी घातक हमले किए जा सकेंगे। इस प्रोग्राम के सामने बड़ी चुनौतियां भी हैं। कितने विमान बनेंगे, कौन-सा डिजाइन फाइनल होगा और कितनी फंडिंग मिलेगीह्न ये सभी फैसले अभी अधर में हैं। सबसे बड़ा पेंच अमेरिकी संसद की मंजूरी है। बजट पास हुआ तो ये 'ड्रोन वॉर मशीन' जल्द ही हकीकत बन सकती है, लेकिन अगर राजनीति बीच में आई तो पूरा प्लान धीमा पड़ सकता है।



# पोप मुझसे खुश हों या नहीं, ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं रहेंगेः ट्रंप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 07 मई।**



ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च गुरु पोप लियो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच तीखी बयानबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल युद्ध पर गहरी चिंता जताते हुए पोप लियो ने इसे पूरी मानवता पर एक कलंक बताया था और तत्काल युद्धविराम की अपील की थी, लेकिन उनके इस बयान के बाद से वह ट्रंप की नजर में चढ़ गए।

ट्रंप ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पोप तेहरान द्वारा परमाणु हथियार रखने की क्षमता का समर्थन कर रहे हैं, जबकि वॉशिंगटन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।

इससे पहले मंगलवार को पोप लियो ने कहा था कि उन्होंने कभी परमाणु हथियारों का समर्थन नहीं किया और जो लोग उनकी आलोचना करते हैं उन्हें सच बोलना चाहिए। उन्होंने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति के उस टिप्पणी के जवाब में कही, जिसमें उन पर ईरान युद्ध पर अपने रुख से बहुत सारे कैथोलिकों को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया था। बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब राष्ट्रपति से पूछा गया कि विदेश सचिव मार्को रुबियो पोप से कल मिलने वाले हैं। ऐसे में आप उन तक कौन सा संदेश पहुंचाने की उम्मीद रखते हैं। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि उनका ईरान पर रुख स्पष्ट है। मैं पोप को खुश करूं या न करूं, ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि पोप के बयानों से प्रतीत हुआ कि वह कह रहे थे कि ईरान परमाणु हथियार रख सकते हैं और मैं कहता हूं कि वे नहीं रख सकते। ट्रंप ने कहा कि पोप की संतुष्टि या असंतोष उनके फैसले को प्रभावित नहीं करेगा। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से वैश्विक स्थिरता को खतरा होगा। अगर ऐसा हुआ, तो पूरी दुनिया बंधक बन जाएगी, और हम इसे होने नहीं देंगे। मेरा केवल यही संदेश है। दरअसल मार्च में सेंट पीटर्स स्क्वायर में साप्ताहिक एंजेल्स प्रार्थना के दौरान पोप ने कहा था कि हम इतने लोगों के दुख के सामने खामोश नहीं रह सकते, खासकर उन बेबस लोगों के लिए, जो इन संघर्षों के शिकार हुए हैं।

# अमेरिकी ऑटोमोटिव मार्केट को खत्म करना चाहता है चीन, रिपब्लिकन सांसदों ने जताया अंदेशा

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 07 मई।**

50 से ज्यादा रिपब्लिकन लॉमेकर्स ने ट्रंप सरकार से अपील की है कि वह चीनी ऑटोमोटिव और बैटरी कंपनियों को अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करने से रोके। उनका कहना है कि इस तरह के कदम से अमेरिकी नौकरियों, सप्लाई चेन और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा होगा।

माइक केली और गस बिलिराकिस के नेतृत्व में लिखे एक पत्र में सांसदों ने ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट, वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लूटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से आग्रह किया कि वे किसी भी चीनी कंपनियों के अमेरिका या व्यापक उत्तर अमेरिकी बाजार में वाहन और बैटरी निर्माण सुविधाएं स्थापित करने के प्रयास को अस्वीकार करें।



यह चिट्ठी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी प्रेसिडेंट शी जिनपिंग के बीच ट्रेड के मुद्दों पर होने वाली मीटिंग से पहले आई है। सांसदों ने लिखा, 'दुनियाभर में अपनी ऑटोमोटिव पहुंच बढ़ाने के चीन के लक्ष्यों के बारे में हमें साफ-साफ पता होना चाहिए। चीन का इरादा फेयर कॉम्पिटिशन नहीं है, जैसा कि दूसरे जरूरी सेक्टर में उनके कामों से साफ है।'

सांसदों ने कहा कि यूएस ऑटोमोटिव इंडस्ट्री देश की जीडीपी में 5 फीसदी से ज्यादा का योगदान देती है और लाखों मैन्युफैक्चरिंग नौकरियों को सपोर्ट करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि भारी सब्सिडी वाली चीनी कंपनियां ग्लोबल ऑटोमोटिव सप्लाई चेन पर कंट्रोल पाने के लिए नॉन-मार्केट टैक्टिक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। लेटर में कहा गया, 'अगर चीनी ऑटोमोटिव कंपनियों को अमेरिका में गाड़ियां और बैटरी बनाने और बेचने की इजाजत दी गई, तो हम अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को खत्म करने, यूएस ऑटो कंपनियों के लिए ग्लोबल मार्केट शेयर कम करने और कंज्यूमर्स और बिजनेस को गंभीर साइबर सुरक्षा और सर्विलांस खतरों के सामने छोड़ने का रिस्क उठा रहे हैं।'

सांसदों ने चीन पर सरकारी सब्सिडी के जरिए प्रोडक्शन को बनावटी रूप से बढ़ाने और कंपनियों को मार्केट से कम कीमत पर गाड़ियां एक्सपोर्ट करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया।

उन्होंने लिखा, 'चीन का मकसद अमेरिकी ऑटोमोटिव मार्केट में मुकाबला करना नहीं है, बल्कि इसे खोखला करना है और आखिर में कस्टमर की पसंद को चीनी ब्रांड तक सीमित करना है।'

### अधिकार सुरक्षित रहे तो ईरान युद्ध खत्म करने को तैयारः मसूद पेजेश्कियन

» **तेहरान, यूटर्न/ 07 मई।**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि उनका देश अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक रास्ते अपनाने को तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के अधिकारों की सुरक्षा पर भी जोर दिया है।

ईरानी राष्ट्रपति के दफ्तर की वेबसाइट के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बुधवार (लोकल टाइम) को फोन पर बातचीत के दौरान पेजेश्कियन ने अमेरिका पर गहरा भरोसा नहीं दिखाया।

उन्होंने हाल की दुश्मनी भरी कार्रवाइयों का जिक्र किया, जिसमें द्विपक्षीय बातचीत के दौरान ईरान पर दो हमले भी शामिल हैं। ईरान के राष्ट्रपति ने अमेरिका की ओर से की गई इस कार्रवाई को ईरान की पीठ में छुरा घोंपना बताया।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच यह फोन पर बातचीत तब हुई, जब एक्सियोस ने



रिपोर्ट दी कि अमेरिका और ईरान लड़ाई खत्म करने के लिए एक पेज के मेमो पर काम कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि एक संभावित डील में ईरान न्यूक्लियर संवर्धन पर रोक लगाने का वादा करेगा और अमेरिकी प्रतिबंध हटाने पर सहमत होगा। डील के तहत दोनों पक्ष होर्मुज स्ट्रेट से ट्रांजिट पर लगी रोक हटा देंगे। ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच 40 दिनों की लड़ाई के बाद 8 अप्रैल को दो हफ्ते के लिए सीजफायर हुआ था। यह लड़ाई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों से शुरू हुई थी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *